भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **1245**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024/20 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है।

उत्तर प्रदेश में उर्वरकों की कमी

1245. श्रीमती डिम्पल यादव:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में उर्वरकों की कमी हो गई है;
(ख) यदि हां, तो मैनपुरी सहित तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या उत्तर प्रदेश में उर्वरकों की बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से कालाबाजारी होने की खबरें मिली हैं;
(घ) यदि हां, तो मैनपुरी सहित तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(ड.) उत्तर प्रदेश में उर्वरकों की ऐसी कालाबाजारी को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री

(भगवंत खुबा)

(क) और (ख): चालू रबी मौसम 2023-24 के दौरान मैनपुरी सहित उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में उर्वरकों यथा यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस की उपलब्धता सहज रही है।

(ग) और (घ): कालाबाजारी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का जिला-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-'क'** में दिया गया है। मैनपुरी में उर्वरकों की कालाबाजारी के ऐसे किसी मामले की सूचना नहीं मिली है।

(ङ): उर्वरकों की कालाबाजारी को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा सभी संभव कदम उठाए गए हैं। अपर मुख्य सचिव (कृषि) द्वारा राज्य के सभी जिला मजिस्ट्रेटों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं कि वे किसानों को अधिकतम खुदरा मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, कालाबाजारी को रोकने के लिए, उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में 24.06.2023, 29.07.2023, 18.08.2023, 19.10.2023, 18.11.2023 और 03.01.2024 को विशेष छापे मारे गए। 15 एफआईआर दर्ज की गईं और 49 प्राधिकार पत्र रद्द कर दिए गए हैं।

****

अनुलग्नक-क

उत्तर प्रदेश में सूचित किए गए जिला-वार कालाबाजारी के मामले	
जिले का नाम	**सूचित किए गए कालाबाजारी के मामलों की संख्या**
आगरा	6
अलीगढ़	2
अमेठी	2
बाराबंकी	1
बरेली	1
एटा	8
फर्रुखाबाद	1
फ़तेहपुर	3
गोरखपुर	1
हापुड़	1
झांसी	3
कानपुर नगर	1
कानपुर देहात	6
महाराजगंज	7
मुरादाबाद	1
प्रयागराज	1
प्रतापगढ़	1
रामपुर	2
सहारनपुर	2
शाहजहांपुर	1
संत कबीर नगर	1
सीतापुर	3
कुल	**55**